


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ,शुक्रवार,05,सितम्बर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


# बाढ़ से हालात बेकाबू: मथुरा-वृंदावन में हाई अलर्ट...13 गांव बने टापू, हर ओर पानी ही पानी;

मथुरा में बीते 24 घंटे में यमुना का जलस्तर 166.40 मीटर से 16 सेंटीमीटर अधिक दर्ज किया गया है, जोकि खतरे के निशान 166 मीटर से 56 सेंटीमीटर अधिक है। अभी जलस्तर में और बढ़ोत्तरी दर्ज की जा सकती है। इसको लेकर हाई अलर्ट है। पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश होने से यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे जिले में करीब एक दर्जन गांव टापू बन गए हैं, जबकि मथुरा-वृंदावन में यमुना से सटी दर्जनों कॉलोनियों में चार-चार फीट तक पानी भर गया है। कुछ गांवों की देहरी तक भी पानी पहुंच गया है। प्रशासन ने यमुना जलस्तर को लेकर शुक्रवार और शनिवार को हाई अलर्ट जारी किया है और बृहस्पतिवार रात से और जलस्तर बढ़ने की आशंका जताई है। डीएम समेत आला अधिकारी लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहे हैं और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील भी की है। अब तक करीब 1500 विस्थापितों को राहत शिविरों में भेजा जा चुका है। नौहझील, मांट, छाता समेत यमुना से सटे अन्य क्षेत्रों के 23 गांव बाढ़ प्रभावित हैं। इनमें से 13 गांव ऐसे हैं, जो पूरी तरह यमुना के पानी की चपेट में हैं। इनमें सबसे अधिक नौहझील क्षेत्र से करीब नौ गांव शामिल हैं। इन्हीं क्षेत्रों के कुछ गांव ऐसे भी हैं, जहां शुक्रवार और शनिवार की रात को पानी घुसने की आशंका जताई जा रही है। मथुरा-वृंदावन यमुना खादर का भी यही हाल है। दर्जनों कॉलोनियां जलमग्न हो चुकी हैं, तो कई कॉलोनियों में धीरे-धीरे पानी घुस रहा है।



बीते दिनों हथिनीकुंड से 3.29 लाख क्यूसेक छोड़े गए पानी की वजह से मथुरा में बाढ़ से हालात बेकाबू होते नजर आ रहे हैं। वृंदावन में कालिंदी ने लोगों की नींद उड़ा रखी है। यमुना के बढ़ते कदमों से लोग चिंतित हैं। तेज गति से पंख फैलाती यमुना नदी घाटों से निकलकर कॉलोनियों और सड़कों पर नजर आ रही है। कई घाटों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया। वहां पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि कोई हादसा नहीं हो जाए। अब तक बाढ़ से प्रभावित दर्जनों कॉलोनियों से डेढ़ हजार से अधिक लोगों को नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया। वहीं पशुओं को सुरक्षित आसरा दिया है। वृंदावन में यमुना के बढ़ते जलस्तर ने घाटों, कॉलोनियों और संकरी गलियों को जलमग्न कर दिया है। निचले इलाकों में हालात बेहद चिंताजनक हैं।





# US: 'पीएम मोदी की ट्रंप के साथ दोस्ती अब खत्म हुई, इससे सबक लें', अमेरिका के पूर्व एनएसए की दुनिया को नसीहत




अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है। बोल्टन के मुताबिक, ट्रंप के कार्यकाल के दौरान लिए गए फैसलों ने न केवल दोनों देशों के बीच बने भरोसे को कमजोर किया बल्कि भारत को मजबूर कर दिया कि वह रूस और चीन के साथ अपने रिश्तों को और गहरा करे। बोल्टन ने आरोप लगाया कि ट्रंप प्रशासन की अनिश्चित और असंगत नीतियों ने नई दिल्ली के लिए अमेरिका पर पूरी तरह भरोसा करना मुश्किल बना दिया। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए नए विकल्प तलाशने पड़े और इसी कारण वे रूस और चीन के करीब चले गए।" उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरान चीन ने स्थिति का फायदा उठाया और खुद को अमेरिका के विकल्प के रूप में भारत के सामने पेश करना शुरू कर दिया। बीजिंग ने आर्थिक निवेश, क्षेत्रीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी की पेशकशों के ज़रिए भारत को लुभाने की कोशिश की। बोल्टन ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका और भारत के रिश्तों में यह दूरी बनी रहती है तो इसका असर न केवल दक्षिण एशिया और एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता पर पड़ेगा बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन भी चीन और रूस के पक्ष में झुक सकता है।

# India In UN: 'युद्ध का युग नहीं',

## यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने के राजनयिक प्रयासों के समर्थन के लिए भारत तैयार




न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि स्थायी शांति के लिए सभी हितधारकों की पूर्ण भागीदारी और प्रतिबद्धता बहुत ही जरूरी है। भारत इस दिशा में हाल के सकारात्मक घटनाक्रमों का स्वागत करता है। भारत ने एक बार फिर रूस-यूक्रेन जंग के जल्द से जल्द समाप्ति और इलाके में शांति बहाली को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'यह युद्ध का युग नहीं है' वाले रुख को भी दोहराया। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा, 'भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है। युद्ध के मैदान में इसका कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता। भारत ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, चाहे यह रास्ता कितना भी जटिल या दुर्गम क्यों न लगे।'

# 'बिहार में मुख्यमंत्री की वैकेंसी नहीं, नीतीश कुमार ही रहेंगे सीएम', चिराग पासवान ने दिया बड़ा बयान

वैशाली जिले के राजापाकर में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष वोटर लिस्ट से लेकर प्रधानमंत्री तक पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहा है, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। वैशाली जिले के राजापाकर में पहुंचे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमेशा वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाता है और जब उसमें सुधार किया जाता है, तब भी सवाल उठाता है। चिराग ने तंज कसते हुए कहा -'चीत भी मेरी और पट भी मेरी, यह तरीका नहीं चल सकता। सभा में भीड़ को लेकर विपक्ष के आरोपों पर चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए की सभाओं में लोगों को बुलाने की जरूरत नहीं पड़ती। "बिहार की जनता ने मन बना लिया है। यह उपचुनाव के नतीजों और आज की सभा की भीड़ देखकर साफ है," उन्होंने दावा किया। मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही गठबंधन आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगा।



# Aaj Ka Rashifal 05 September

## कन्या, मकर और कुंभ राशि वालों को मिल सकती है अच्छी खबरें, पढ़ें दैनिक राशिफल

05 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 05 सितंबर 2025 का राशिफल। आज 4 सितंबर, गुरुवार का दिन है। ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति के अनुसार, आज चंद्रमा का गोचर दिन-रात मकर राशि में उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में हो रहा है।




### मेष

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में ठीक-ठाक रहने वाला है। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपनी डेली रूटीन को बेहतर करने की कोशिश करें। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों की चालों को समझने की कोशिश करें। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी थोड़ा धैर्य बनाए रखना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

### वृषभ

आज आपको धन संबंधित समस्याओं को लेकर अपने किसी सहयोगी से मदद लेनी पड़ सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा और आपके व्यक्तित्व में भी निखार आएगा। आप किसी कानूनी मामले से दूर ही रहें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपके पिताजी आपको कोई जिम्मेदारी देंगे, जिसमें आपको ढील देने से बचना होगा।

### मिथुन

व्यवसाय में आज आपको अच्छी सफलता मिलेगी। दोस्तों के साथ आपको कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा। आपकी कोई पुरानी बीमारी बढ़ेगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। दोस्तों के साथ आप काफी समय व्यतीत करेंगे। आपको कामों को लेकर व्यस्तता बढ़ सकती है, जो आपकी समस्याओं को भी बढ़ाएगी। आपको किसी नौकरी से संबंधित काम को लेकर कहीं बाहर जाने का मौका मिल सकता है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आज आप अपने जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। कुछ पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप परेशान रहेंगे। आपके कामों से आज आपकी एक नई पहचान मिलेगी। ऑनलाइन व्यवसाय कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। घरेलू मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं। आपको किसी परीक्षा की तैयारी में जमकर मेहनत करनी होंगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपने खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश में लगे रहेंगे। ऑफिस में आपको प्रमोशन आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। खर्चो को लेकर आप योजना बनाकर चलें।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। नौकरी में आपके बॉस आपसे काफी खुश रहेंगे और आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आपको कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आप अपने कामों को समय से निपटाएं, तो आपके अच्छा रहेगा। जो विद्यार्थी विदेश जाने की योजना बना रहे थे, उन्हें किसी अच्छी स्कीम का पता चल सकता है।

### तुला

आज आपको अपने काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है और यदि आप किसी दूसरे के मामले में बोले, तो वह आपकी मुश्किलों को बढ़ा सकते हैं। आर्थिक तंगी आपको परेशान करेगी। आप नौकरी के साथ-साथ कोई साइड बिजनेस भी शुरू करने की सोच सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो वहां आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके किसी समान के चोरी होने की संभावना है। आप अपने पिताजी से किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। व्यापार में भी आप किसी समस्या को लेकर थोड़ा टेंशन में आ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आपकी माताजी के सेहत में गिरावट आने से टेंशन अधिक रहेगी और आपका कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है, जो आपकी मुश्किलों को भी बढ़ा सकती है। आप अपनी सेहत में यदि कोई समस्या महसूस करें, तो उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

### धनु

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको व्यस्तता बनी रहेगी। आप अपने कामों को किसी दूसरे पर ना डालें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में किसी काम को लेकर व्यस्तता बनी रहेगी। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन यदि आपको समस्या दे रहा था, तो वह भी दूर होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों से अच्छी सफलता मिलेगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। माता-पिता की ओर से आपको कोई पैतृक संपत्ति मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपनी इन्कम को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कोई इन्वेस्टमेंट भी कर सकते हैं। यदि आप किसी घर आदि की खरीदारी की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी होगी, जिसको लेकर आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप प्रत्येक कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे, जिससे आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। विद्यार्थियों ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो वह उसकी तैयारी में पूरी मेहनत से जुटेंगे। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे और बिजनेस में आप किसी काम को लेकर पार्टनरशिप कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

### मीन

आज का दिन आपके लिए कुछ मुश्किलें लेकर आ सकता है। आपकी कुछ मुश्किले बढ़ सकती हैं। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। व्यापार में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आप मौज-मस्ती के मूड में ज्यादा रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपको कुछ समय बिताने से उनको बेहतर जानने का मौका मिलेगा। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आप राजनीति की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं।

# Delhi Flood News

## दिल्ली में अभी भी खतरे के निशान से ऊपर यमुना, बाढ़ का खतरा बरकरार; राहत शिविरों में भी पानी



दिल्ली में लगातार बाढ़ का खतरा बना हुआ है। हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी के कारण यमुना नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। आज सुबह पुराने लोहे के पुल पर यमुना का जलस्तर 207.33 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से अभी भी ऊपर है।दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पुराने लोहे के पुल की सड़क तक पानी पहुंचने की उम्मीद है। गुरुवार को पुराने रेलवे पुल पर नदी का जलस्तर 207.48 मीटर तक पहुंच गया था, जो इस सीजन का सबसे ऊंचा स्तर है। कुछ समय तक स्थिर रहने के बाद अब धीरे-धीरे इसमें कमी आनी शुरू हो गई है। सिग्नेचर ब्रिज से ड्रोन के जरिए तस्वीर ली गई। जहां लगातार बारिश के बाद यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। लगातार बारिश के बाद यमुना नदी के उफान पर आने और खतरे के निशान को पार करने के कारण निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को मयूर विहार फेज-1 के पास बनाए गए राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया है। बाढ़ के पानी को बाहर निकालने के लिए वासुदेव घाट के आसपास के इलाकों में मशीनें लगाई गईं। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए, निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को एहतियात के तौर पर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर शुक्रवार सुबह 207.33 मीटर तक पहुंच गया है। जबकि चेतावनी स्तर 204.50 मीटर, खतरनाक स्तर 205.33 मीटर और हाई फ्लड लेवल 208.66 मीटर है।सिविल लाइंस इलाके में स्थित मोनेस्ट्री मार्केट में पानी भरा हुआ है, क्योंकि यमुना नदी उफान पर है। शहर के कुछ हिस्सों में घुस गई है। भारी बारिश के बाद यमुना नदी के उफान पर आने और शहरों में प्रवेश करने से एनसीआर के कुछ हिस्सों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। नोएडा सेक्टर 135 में यमुना का पानी पहुंच गया है। आईएसबीटी कश्मीरी गेट, सिविल लाइंस और यमुना बाजार में बाढ़ का 4 से 10 फीट तक पानी भर गया है। यमुना बाजार की हालत सबसे ज्यादा खराब है। इसके अलावा कई इलाकों और कॉलोनियों में भी सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। हालांकि, राहत की बात ये है कि यमुना का पानी धीमा ही सही लेकिन कम होना शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को यमुना का जलस्तर करीब 5 सेमी नीचे चला गया।

## यमुना नदी के इलाकों में स्थिति गंभीर



यमुना नदी में आई बाढ़ से आसपास के इलाकों में स्थिति गंभीर होती जा रही है। लगातार बढ़ते पानी के स्तर ने खेतों को अपनी चपेट में ले लिया है। खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी अचानक बढ़ने से उन्हें अपनी फसलें बचाने का समय तक नहीं मिल पाया। कई गांवों के निचले इलाकों में पानी भर गया है और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है।प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। वहीं किसान सरकार से मुआवजे और मदद की उम्मीद लगाए बैठे हैं।प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य तेज़ी से चलाए जा रहे हैं। एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने में लगी हुई हैं। कई स्कूलों और सामुदायिक भवनों को अस्थायी राहत शिविरों में बदल दिया गया है, जहां ग्रामीणों के लिए भोजन और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।किसानों का कहना है कि फसलें बर्बाद हो जाने के कारण उनकी साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है। वे सरकार से मुआवज़े और सहायता की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनका कहना है कि अगर उचित मुआवज़ा और मदद नहीं मिली तो आगामी समय में उनका परिवार गंभीर संकट में पड़ सकता है।विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार हो रही भारी बारिश और बांधों से छोड़े गए पानी के कारण यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। मौसम विभाग ने भी चेतावनी जारी की है कि अगले कुछ दिनों तक नदी का जलस्तर और ऊपर जा सकता है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं।

## मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली फिर विवादों में, बीकानेर में दर्ज हुई गंभीर धाराओं में FIR



फिल्म जगत से जुड़ी एक बड़ी और सनसनीखेज खबर बीकानेर से सामने आई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली एफआईआर दर्ज की गई है। भंसाली की कंपनी भंसाली प्रोडक्शन्स, प्रोडक्शन मैनेजर उत्कर्ष बाली और अरविंद गिल के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। मामला बीछवाल थाने में दर्ज **यह मामला भंसाली की बहुचर्चित फिल्म "Love & War" की शूटिंग से** जुड़ा है। **एफआईआर में धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, धमकी और संगठित षड्यंत्र जैसे संगीन आरोप शामिल किए गए हैं।** यह शिकायत राधा फिल्म्स एंड हॉस्पिटैलिटी के सीईओ और लाइन प्रोड्यूसर प्रतीक राज माथुर ने दर्ज करवाई। उनका आरोप है कि फिल्म के प्रोडक्शन में नियुक्ति प्रक्रिया और सुरक्षा इंतज़ाम को लेकर धोखाधड़ी की गई है। इसके अलावा 17 अगस्त 2025 को निजी सुरक्षा कर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार और धमकी देने की घटना का भी ज़िक्र एफआईआर में दर्ज है। फिलहाल भंसाली या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे पहले उनकी फिल्म "पद्मावत" की शूटिंग को लेकर भी विवाद खड़ा हुआ था। अब एक बार फिर संजय लीला भंसाली और उनकी टीम राजस्थान में विवादों में घिर गए ।

## निया शर्मा ने अली गोनी-जैस्मिन भसीन-कृष्णा-सुदेश के साथ जमकर किया डांस, शेयर किया शानदार वीडियो



प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपने कई शानदार वीडियो शेयर किए हैं। इन सभी में निया जमकर मस्ती करती नजर आ रही हैं। इन शानदार वीडियो में निया, अली गोनी और जैस्मीन भसीन और बाकी टीवी कलाकारों के साथ जमकर डांस और मस्ती करती नजर आ रही हैं। निया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई वीडियो शेयर किए। लेकिन इन सभी में से एक वीडियो सबसे खास रहा, जिसमें वह, अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, रागिनी खन्ना, जौस्मीन भसीन और सुदेश लहरी संग डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में सभी 1987 की फिल्म 'खुदगर्ज' के मशहूर गाने 'आप के आ जाने से' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि सुदेश लहरी गाना गा रहे हैं। निया ने इस पोस्ट के साथ लिखा, 'लाफ्टर शेफ्स परिवार के साथ क्या शानदार रात थी।' 'आप के आ जाने से' गाना फिल्म 'खुदगर्ज' का है, जिसमें गोविंदा और नीलम थे। इसे मोहम्मद अजीज और साधना सरगम ने गाया था। इस फिल्म का निर्देशन राकेश रोशन ने किया था। इस फिल्म में जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, भानुप्रिया और अमृता सिंह जैसे सितारे भी थे। यह फिल्म जेफ्री आर्चर के उपन्यास 'केन एंड एबेल' पर आधारित थी और बाद में तेलुगु और तमिल में भी बनाई गई। 'लाफ्टर शेफ्स फन अनलिमिटेड' में निया शर्मा के अलावा कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, करण कुंद्रा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, रीम शेख, सुदेश लहरी, एल्विश यादव, रुबीना दिलैक, अली गोनी और कश्मीरा शाह जैसे सितारे हैं। शो की मेजबानी भारती सिंह ने की है और शेफ हरपाल सिंह जज हैं। इस शो के अलावा निया ने हाल ही में 'सुहागन चुड़ैल' में निशिगंधा नाम की चुड़ैल की भूमिका निभाई,

## तमन्ना भाटिया-डायना ने एक-दूसरे के खोले गहरे राज,




तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी जल्द ही नई कॉमेडी सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' में पहली बार एक साथ नजर आएंगी। तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो जारी किया, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे के बारे में ऐसी बातें शेयर कीं जो कोई और नहीं जानता। तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें डायना ने तमन्ना के बारे में कुछ सीक्रेट बातें बताईं। इसके साथ ही डायना ने भी तमन्ना के बारे में कई राज खोले। डायना ने तमन्ना के बारे में कहा- 'सबसे जरूरी बात - यह बहुत बेशर्म कॉफी चोर है। उसे इस पर कोई अफसोस नहीं होता।' इसके बाद तमन्ना ने भी जवाब दिया और कहा- 'डायना असल में बहुत मजाकिया हैं।' आगे तमन्ना ने कहा, 'तुम इतने प्यारे किरदार निभाती हो कि किसी को पता ही नहीं चलता कि तुम असल में पूरी तरह पागल हो।' एक और खास बात तमन्ना ने डायना के बारे में बताई, 'चाहे जो भी हो मैं उनके बारे में जानती हूं, वह हमेशा अपने नाखूनों को अच्छे से मैनीक्योर कराती हैं। तुम उन्हें कभी भी बिना मैनीक्योर के नहीं देखोगे, भले ही वह कितनी थकी हों। उनके पैर भी हमेशा साफ-सुथरे रहते हैं।'



## Punjab Flood: पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए मसीहा बने एक्टर-सिंगर एमी विर्क, 200 प्रभावित घरों को लिया गोद



पंजाब राज्य के कई जिले इन दिनों बाढ़ की मार झेल रहे हैं, जिसमें कई घर प्रभावित हुए हैं। सरकार और स्थानीय लोगों द्वारा बचाव कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में पंजाबी अभिनेता और गायक एमी विर्क ने बड़ा दिल दिखाते हुए 200 बाढ़ से प्रभावित परिवारों को गोद ले लिया है। पंजाबी अभिनेता और गायक एमी विर्क ने इंस्टाग्राम पर बाढ़ प्रभावितों के लिए एक पोस्ट लिखी और मदद की पेशकश की। उन्होंने लिखा, 'पंजाब में बाढ़ से हुई तबाही देखकर हमारा दिल दुखता है। अपने लोगों को बिना छत के देखकर मैं पूरी तरह टूट गया हूँ। आराम और स्थिरता लाने के अपने छोटे से प्रयास में, हम उन लोगों की मदद के लिए 200 घरों को गोद ले रहे हैं जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। यह केवल आश्रय के बारे में नहीं है - यह आशा, सम्मान और फिर से शुरुआत करने की ताकत देने के बारे में है।' बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने प्रभावित लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हुए, एक्स पर एक नोट लिखा। उन्होंने कहा, 'पंजाब में बाढ़ से हुई तबाही वाकई दिल दहला देने वाली है। प्रभावित सभी लोगों के लिए मैं शक्ति और प्रार्थनाएं भेज रहा हूं। मैं हर संभव मदद करूंगा। बाबाजी पंजाब में सभी का भला करें और उनकी रक्षा करें।'

## 'बागी 4' का सिजलिंग सॉन्ग 'ये मेरा हुस्न' हुआ रिलीज



मुंबई : टाइगर श्रॉफ की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के मेकर्स लगातार इसे लेकर उत्सुकता बनाए हुए हैं और इसी कड़ी में उन्होंने मंगलवार को फिल्म का नया गाना 'ये मेरा हुस्न' जारी किया। गाने के लॉन्च होते ही सोशल मीडिया पर धमाल मच गया है। इस गाने में मिस यूनिवर्स रह चुकीं हरनाज कौर संधू का अब तक का सबसे अलग और बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। उनका किलर डांस मूव्स और एक्सप्रेशन फैंस को खूब भा रहे हैं। गाने में हरनाज ग्लैमरस अंदाज़ में नजर आ रही हैं और उनका परफॉर्मेंस फिल्म के म्यूज़िकल प्रमोशन में जान डाल रहा है। यूट्यूब पर रिलीज होते ही गाने को लाखों व्यूज़ मिल चुके हैं और कमेंट सेक्शन में दर्शक हरनाज की तारीफों के पुल बांध रहे हैं। वहीं, फिल्म के लीड स्टार टाइगर श्रॉफ के एक्शन और डांस का जादू भी फैंस को देखने का इंतजार है। निर्माताओं का कहना है कि 'ये मेरा हुस्न' फिल्म के उन गानों में से एक है जो युवाओं के बीच हिट साबित होगा। संगीत में आधुनिक बीट्स और देसी तड़के का संगम है, जो इसे पार्टी नंबर बना रहा है। गौरतलब है कि 'बागी' फ्रेंचाइजी हमेशा से ही एक्शन और म्यूज़िक के लिए जानी जाती रही है। अब 'बागी 4' में दर्शकों को डबल एक्शन, ड्रामा और म्यूज़िकल एंटरटेनमेंट मिलने वाला है। हरनाज कौर संधू की इस एंट्री ने फिल्म के प्रति उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। फैंस को 5 सितंबर का बेसब्री से इंतजार है, जब यह फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज होकर धूम मचाएगी।

## Mirai: सुपरस्टार रजनीकांत ने की 'मिराय' के ट्रेलर की तारीफ, मांचू मनोज ने जताया आभार; साझा की तस्वीरें



तेजा सज्जा और मांचू मनोज की आगामी फिल्म 'मिराय' का ट्रेलर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। फिल्म लगातार चर्चाओं में भी बनी हुई है और ट्रेलर को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। अब सुपरस्टार रजनीकांत ने फिल्म का ट्रेलर देखा है और इसकी सराहना की है। इस बात की जानकारी फिल्म में निगेटिव किरदार निभाने वाले मांचू मनोज ने दी है। मांचू मनोज ने अपने इंस्टाग्राम पर रजनीकांत के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुपरस्टार रजनीकांत अपने फोन में 'मिराय' का ट्रेलर देख रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मांचू मनोज ने लिखा, 'ट्रेलर देखने और हमारी सराहना करने के लिए सुपरस्टार रजनीकांत का हार्दिक धन्यवाद। सिवाकार्तिकेयन आपकी अपार सफलता की कामना करता हूं। तमिल लोगों और मित्रों का हार्दिक आभार जिन्होंने हमारा हमेशा समर्थन किया हाल ही में 'मिराय' का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसमें एक्शन और एडवेंचर दोनों ही देखने को मिले थे। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स के होने की उम्मीद है। कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा निर्देशित 'मिराय' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

# Gold Silver Price

## कमजोर मांग के बीच सोना-चांदी हुआ सस्ता; जानें क्या हैं सर्राफा बाजार में आज के भाव




वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप कारोबारियों की मुनाफावसूली से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई से 1,000 रुपये टूटकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी गुरुवार को 1,000 रुपये घटकर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी 500 रुपये गिरकर 1,25,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**बुधवार को सोने-चांदी ने तोड़ा रिकॉर्ड**
बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 1,07,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी, जो इसका सर्वकालिक उच्चतम स्तर था। पिछले सत्र में सफेद धातु 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ था।

**विदेशी बाजारों में गिरे सोने-चांदी के दाम** ऐतिहासिक ऊंचाई को छूने के बाद हाजिर सोने की कीमतों में भी गिरावट आई। कीमती धातु 39.61 डॉलर यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,539.14 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। बुधवार को न्यूयॉर्क में यह 3,578.80 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वहीं हाजिर चांदी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40.93 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

# UPI Rule Change

## अब यूपीआई से 24 घंटे में कर सकेंगे 10 लाख तक का लेनदेन,15 सितंबर से लागू




अब यूपीआई से 24 घंटे में 10 लाख तक का लेनदेन किया जा सकेगा। हालांकि, यह केवल उन संस्थाओं के लिए है, जो कर यानी टैक्स भुगतान से जुड़ी श्रेणियों में आती हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 सितंबर की आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को देखते हुए यह फैसला किया है।

**बैंक अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय कर सकेंगे** 12 अन्य श्रेणियों में भी प्रति लेनदेन और 24 घंटे में कुल लेनदेन सीमा बढ़ा दी है। बैंकों को सुनिश्चित करना होगा कि 24 घंटे की सीमा उनके पास ही रहे। निगम ने बैंकों को अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय करने की छूट भी दी है।

**व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा** यह बदलाव केवल सत्यापित व्यापारियों के साथ व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन पर लागू होंगी। व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा। सभी बैंकों, एप्स व भुगतान सेवा प्रदाताओं को 15 सितंबर तक यह लागू करना होगा। **10 लाख रुपये तक होने वाले लेनदेन** पूंजी बाजार व बीमा के लिए, प्रति लेनदेन व कुल लेनदेन, दोनों की सीमा 24 घंटे के लिए बढ़ा दी है। अभी प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये तक सीमा थी। 15 सितंबर से सत्यापित व्यापारियों को प्रति लेनदेन 5 लाख तक भुगतान कर सकते हैं। 24 घंटे में 10 लाख रुपये तक का भुगतान भी कर सकते

# US-Japan Trade

## अमेरिका-जापान व्यापार समझौता लागू, ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए; बेसलाइन टैरिफ 15%

अमेरिका और जापान के बीच के रिश्ते में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका-जापान व्यापार समझौते को लागू करने वाला एक कार्यकारी आदेश जारी किया है। व्हाइट हाउस ने बताया कि इस समझौते के तहत जापान से आने वाले लगभग सभी सामानों पर अमेरिका में 15 प्रतिशत आधारभूत टैरिफ (कर) लागू किया जाएगा। साथ ही, जापान ने अमेरिका में 550 बिलियन डॉलर का निवेश करने पर सहमति दी है।



**अमेरिका-जापान के रिश्ते का नया दौर**
इस आदेश में बताया गया है कि यह समझौता अमेरिका और जापान के बीच व्यापारिक रिश्तों के नए दौर की शुरुआत करेगा, जो दोनों देशों के हितों और बराबरी के सिद्धांतों पर आधारित होगा। इसके तहत अमेरिका लगभग सभी जापानी आयातों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जबकि कुछ खास क्षेत्रों जैसे ऑटोमोबाइल, विमान निर्माण, दवाइयां और प्राकृतिक संसाधनों पर अलग नियम लागू होंगे। बता दें कि इस समझौते के बाद जापान अमेरिका से वाणिज्यिक विमान और रक्षा उपकरण भी खरीदेगा। इसके अलावा, जापान अमेरिका को कृषि, ऊर्जा, वाहन और अन्य उद्योगों में बाजार खोलने का मौका देगा।

# Share Market Opening Bell

## घरेलू शेयर बाजार में हरियाली बरकरार; सेंसेक्स में उछाल जारी, निफ्टी 24700 के पार





जीएसटी दरों में कटौती के एलान और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 318.55 अंक चढ़कर 81,036.56 पर पहुंच गया। ऐसे ही 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 98.05 अंक बढ़कर 24,832.35 पर पहुंच गया।
सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। वहीं, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 106.34 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,233.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।



05 Sep 25 | 09:41 | Open

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| M&M 3539.40 +1.70 % | ETERNAL 332.00 +1.68 % | TATAMOTORS 694.95 +1.08 % | MARUTI 14794.10 +0.94 % | TRENT 5575.50 +0.92 % | POWERGRID 284.30 +0.82 % |
| RELIANCE 1369.30 +0.74 % | BAJAJFINSV 2016.80 +0.73 % | ULTRACEMCO 12735.00 +0.64 % | ASIANPAINT 2583.75 +0.58 % | INFY 1469.50 +0.43 % | BAJFINANCE 938.45 +0.39 % |
| HCLTECH 1447.80 +0.32 % | AXISBANK 1053.45 +0.31 % | BHARTIARTL 1885.35 +0.27 % | KOTAKBANK 1953.90 +0.21 % | TECHM 1503.35 +0.16 % | BEL 373.10 +0.13 % |
| SUNPHARMA 1584.15 +0.11 % | ADANIPORTS 1329.80 +0.11 % | TATASTEEL 166.80 +0.03 % | TCS 3096.40 +0.02 % | SBIN 809.40 +0.01 % | TITAN 3684.05 -0.06 % |
| HDFCBANK 960.00 -0.12 % | LT 3587.00 -0.15 % | ICICIBANK 1402.00 -0.26 % | NTPC 328.95 -0.38 % | HINDUNILVR 2650.05 -0.64 % | ITC 406.95 -2.14 % |

## एनएसई के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर



Market Snapshot As on 05-Sep-2025 09:41 IST View More

Gainers Losers Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| SALSTEEL | 22.17 | 3.69 | 19.97 | 1.91 | 0.42 |
| SARVES-RE | 0.44 | 0.06 | 15.79 | 6.11 | 0.03 |
| DPWIRES | 281.88 | 33.35 | 13.42 | 3.12 | 8.59 |
| KROSS | 225.44 | 22.08 | 10.86 | 38.14 | 83.32 |
| PFOCUS | 158.37 | 14.39 | 9.99 | 25.80 | 40.38 |

### जीएसटी 2.0
इससे पहले बुधवार को जीएसटी परिषद की ओर से जटिल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन को मंजूरी दिए जाने के बाद से ही बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला। जीएसटी परिषद ने 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से प्रभावी स्लैब को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सीमित करने को मंजूरी दे दी। इससे आम इस्तेमाल की चीजें जैसे रोटी, पराठा, हेयर ऑयल, आइसक्रीम और टीवी की कीमतें कम होंगी, जबकि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर कर का बोझ शून्य हो जाएगा।

### एशियाई और अमेरिकी बाजारों का हाल
एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत गिरकर 66.87 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।


### बीते दिन का हाल
इससे पहले बीते दिन यानी गुरुवार को सेंसेक्स 150.30 अंक या 0.19 फीसदी बढ़कर 80,718.01 पर और निफ्टी 19.25 अंक या 0.08 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,734.30 पर बंद हुआ था।



BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612




PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300

PLANET NEWS INDIA
PROMOTE YOUR
BUSSINESS ON
NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:




Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612




PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
VACANCY
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001




PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900




Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612

## जसप्रीत बुमराह या शोएब अख्तर, कौन है ज्यादा घातक गेंदबाज?




मौजूदा समय के गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह शोएब अख्तर से अधिक डरावने हैं, यह आकाश चोपड़ा का आश्चर्यजनक और स्पष्ट जवाब है। बुमराह की रैंकिंग व आंकड़े उन्हें आधुनिक युग के सबसे प्रभावशाली पेसर में से एक बनाते हैं। एशिया कप 2025 से पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा से पूछा गया कि क्या पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को अतीत में सामना करना ज्यादा मुश्किल था या वर्तमान के भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह को। चोपड़ा ने इस सवाल का स्पष्ट और हैरान कर देने वाला जवाब दिया, जिससे सभी चौंक गए। चोपड़ा ने एक यूट्यूब चैनल 'क्रेक्स' से कहा 'मुझे लगता है बुमराह'। बुमराह के आंकड़ों की बात करें तो उन्होंने अब तक 48 टेस्ट मैचों में 219 विकेट, 89 वनडे मैचों में 149 विकेट, और 70 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 89 विकेट लिए हैं, जिससे उनकी क्षमता का पता लगता है। वहीं, शोएब अख्तर ने 46 टेस्ट में 178 विकेट, 163 वनडे में 247 विकेट और 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 19 विकेट लिए थे। अख्तर अपने समय के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक रहे हैं। उनके नाम क्रिकेट की सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड है।




## GST स्लैब में बदलाव

### खेल सेक्टर पर बड़ा असर, आईपीएल टिकटों पर 40% टैक्स, यहां जानें पूरा मामला

भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरों का असर अब खेल जगत पर भी गहराई से पड़ने वाला है। हाल ही में जीएसटी काउंसिल ने स्लैब में बदलाव करते हुए खेल और उससे जुड़े आयोजनों पर टैक्स को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। सबसे बड़ा बदलाव क्रिकेट के इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) जैसे आयोजनों पर देखने को मिलेगा। **अब आईपीएल जैसे खेल आयोजनों में प्रवेश (टिकट) पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।** इसका सीधा असर टिकट की कीमतों पर पड़ेगा और दर्शकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है। **हालांकि, यह 40 प्रतिशत की दर सिर्फ आईपीएल जैसे आयोजनों पर लागू होगी।**



दूसरी ओर, मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों पर यह भारी कर नहीं लगाया जाएगा। यदि किसी मान्यता प्राप्त खेल आयोजन का टिकट 500 रुपये तक है तो वह पहले की तरह जीएसटी से मुक्त रहेगा। वहीं 500 रुपये से अधिक कीमत वाले टिकटों पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी जारी रहेगा। यानी, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त खेल टूर्नामेंटों के दर्शकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। इसके अलावा, जीएसटी परिषद ने सट्टेबाजी, जुए, लॉटरी, घुड़दौड़ और ऑनलाइन मनी गेमिंग जैसी गतिविधियों को भी 40 प्रतिशत कर दायरे में लाने का फैसला किया है।

## Asia Cup 2025

### पिछले 10 संस्करण के भारत के हीरो, विराट के नाम सर्वाधिक रन; पठान ने झटके सबसे ज्यादा विकेट




एशिया कप हमेशा से भारतीय क्रिकेटरों के लिए अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने का मंच रहा है। साल 2000 से अब तक हर संस्करण में किसी न किसी भारतीय बल्लेबाज या गेंदबाज ने शानदार खेल दिखाया और टीम इंडिया की ताकत बने एशिया कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। नौ सितंबर से टूर्नामेंट का आगाज होगा, जिसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मैच से करेगी। भारत इस टूर्नामेंट का गत विजेता है और इस बार भी ट्रॉफी बरकरार रखने पर उसकी नजरें होंगी। ओवरऑल रिकॉर्ड पर नजर डालें तो,भारतीय टीम आठ खिताबों (सात वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय) के साथ इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है जबकि श्रीलंका छह खिताबों के साथ दूसरी सबसे सफल टीम है। वहीं, पाकिस्तान ने दो खिताब जीते हैं। एशिया कप हमेशा से भारतीय क्रिकेटरों के लिए अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने का मंच रहा है। साल 2000 से अब तक हर संस्करण में किसी न किसी भारतीय बल्लेबाज या गेंदबाज ने शानदार खेल दिखाया और टीम इंडिया की ताकत बने।

### एशिया कप में भारत के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी

(2000 से अब तक)



| साल | बल्लेबाज (रन) | गेंदबाज (विकेट) |
|---|---|---|
| 2000 | सौरव गांगुली (156) | अजीत आगरकर (5) |
| 2004 | सचिन तेंदुलकर (281) | इरफान पठान (14) |
| 2008 | सुरेश रैना (372) | आर.पी. सिंह (7) |
| 2010 | गौतम गंभीर (203) | आशीष नेहरा, जहीर खान, प्रवीण कुमार (6) |
| 2012 | विराट कोहली (357) | रविचंद्रन अश्विन, इरफान पठान, प्रवीण कुमार (5) |
| 2014 | शिखर धवन (192) | रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी (9) |
| 2016 | विराट कोहली (153) | हार्दिक पांड्या (7) |
| 2018 | शिखर धवन (342) | कुलदीप यादव (10) |
| 2022 | विराट कोहली (276) | भुवनेश्वर कुमार (11) |
| 2023 | शुभमन गिल (302) | मोहम्मद सिराज (10) |
| 2025 | ? | ? |

## CAFA Nations Cup: भारत को झटका, डिफेंडर झिंगन चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर





भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ईरान से 0-3 से मिली हार के दौरान लगी चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। 32 वर्ष के झिंगन को लगी चोट भारत के लिए करारा झटका है जिसे गुरुवार को ग्रुप बी के तीसरे और आखिरी मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। ईरान छह अंक लेकर शीर्ष पर है। भारत की आगे बढने की उम्मीदें अफगानिस्तान के खिलाफ मैच पर टिकी हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक्स पर लिखा, 'डिफेंडर संदेश झिंगन को ईरान के खिलाफ भारत के काफा नेशंस कप 2025 मैच के दौरान चोट लगी थी। वह भारत लौट जाएंगे।'

## Pro Kabaddi League

### पुणेरी पलटन ने बंगाल वारियर्स को 45-36 से हराया,



पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के मौजूदा सत्र में अपना दबदबा जारी रखते हुए बुधवार को बंगाल वारियर्स के खिलाफ 45-36 की आसान जीत दर्ज की। कप्तान असलम इनामदार, आदित्य शिंदे और विशाल भारद्वाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुणे की टीम ने बंगाल वारियर्स को पछाड़ा जिसके लिए देवांक दलाल ने 17 अंक जुटाए। देवांक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद हालांकि वारियर्स की टीम अंतिम 10 मिनट में 28-37 से पीछे थी और टीम अंतिम लम्हों में इस अंतर को पाटने में विफल रही।